>

Title: Need to provide stoppage of Express and Superfast Trains at Damoh in Madhya Pradesh.

श्री शिवराज भैया (दमोह): सरकार से अनुरोध है कि रेल मंत्रालय को निर्देशित करें कि कोई भी एक्सप्रेस एवं सुपरफास्ट रेलगाड़ी अगर किसी भी संसदीय क्षेत्र के जिला मुख्यालय से होकर गुजरती है, परंतु ठहराव नहीं है तो वहां पर गाड़ी का ठहराव दिया जाए।

मेरे संसदीय क्षेत्र दमोह जोकि पश्चिम-मध्य रेलवे जबलपुर, मध्य प्रदेश के अंतर्गत आता है एवं जिला मुख्यालय भी है परंतु यहां से गुजरने वाली पांच एक्सप्रेस गाड़ियों का यहां ठहराव नहीं है। वाणिज्यिक दृष्टिकोण से भी यह स्टेशन बहुत महत्वपूर्ण है। इसलिए ऐसा प्रावधान अवश्य हो कि जिला मुख्यालय में ठहराव सुनिश्चित किया जाए।